प्रेस विज्ञप्ति
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–cm-296
14/07/2017

जापान के आर्थिक, व्यापार एवं उद्योग राज्य मंत्री ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की

पटना, 14 जुलाई 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से आज 1, अण्णे मार्ग स्थित उनके आवास पर जापान के आर्थिक, व्यापार एवं उद्योग राज्य मंत्री श्री योसुके टकागी ने आठ सदस्यीय शिष्टमण्डल के साथ शिष्टाचार मुलाकात की।

जापान के आर्थिक, व्यापार एवं उद्योग राज्य मंत्री श्री योसुके टकागी ने बिहार में फुड प्रोसेसिंग यूनिट तथा पर्यटन के क्षेत्र में पर्याप्त संभावनाओं को देखते हुये मुख्यमंत्री से इस पर विस्तार से चर्चा की और जापान द्वारा इन क्षेत्रों में बिहार को आवश्यक सहयोग देने की आकांक्षा व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री से बोधगया के अन्तर्राष्ट्रीय महत्व को देखते हुये टोक्यो से बोधगया के लिये सीधी उड़ान सेवा चालू कराने हेतु आवश्यक सहयोग की अपेक्षा की।

मुख्यमंत्री ने बिहार की सांस्कृतिक विरासत के संबंध में भी श्री योसुके टकागी को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जापान के आर्थिक, व्यापार एवं उद्योग राज्य मंत्री ने मुख्यमंत्री को जापान आने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने भी जापान के मंत्री को पुनः बिहार आने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने उन्हें 1 अण्णे मार्ग स्थित परिसर में लगाये गये बोधि वृक्ष का भी दर्शन कराया और बोधि वृक्ष के समीप पुष्पाजंलि अर्पित की।

इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने जापान के मंत्री श्री योसुके टकागी का बुके भेंटकर स्वागत किया और उन्हें प्रतीक चिन्ह् एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष वर्मा उपस्थित थे।

******